


# कांग्रेस दर्पण

दैनिक

पटना, 03 अप्रैल, सोमवार, 2023





राहुल गांधी के अंदर डर नहीं होना मोदी सरकार को डराता है।

वो लगातार सत्य और और अहिंसा के मूलभूत सिद्धांतों पर जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं, ये मोदी सरकार को डराता है।

पीएम मोदी नहीं चाहते कि उनके जो भ्रष्टाचार हैं, वो लोगों के सामने आ जाएं, इसलिए वो राहुल जी से डरते हैं।

राहुल गांधी जी की सदस्यता को निरस्त करना और अब उनसे मकान खाली कराना, यह बहुत ही शर्मनाक है, बहुत ही कायराना हरकत है।

: Lalji Desai Ji



## बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक का पदभार ग्रहण 8 अप्रैल को



## बिहार प्रदेश के मुख्य संगठक के रूप में डॉक्टर संजय कुमार की हुई है नियुक्ति

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के बिहार प्रदेश के मुख्य संगठक के रूप में डॉक्टर संजय कुमार की नियुक्ति होने के बाद उनके पदभार ग्रहण समारोह 8 अप्रैल 2023 संध्या 4 बजे को बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित किया गया है। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्री तारिक अनवर, बिहार प्रदेश कॉंग्रेस के प्रभारी श्री भक्त चरण दास, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह, पूर्व अध्यक्ष व विधान पार्षद डॉ मदन मोहन झा, पूर्व अध्यक्ष श्री अनिल शर्मा, कोंकब कादरी , सेवा दल के बिहार प्रदेश के प्रभारी श्री अफरोज खान, पार्टी के विधायक दल के नेता श्री अजीत शर्मा समेत पार्टी के सभी विधायक ,पूर्व विधायक और सभी वरीय पदाधिकारी आदि लोग मौजूद रहेंगे। इस दौरान कांग्रेस सेवा दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें कांग्रेस सेवा दल के सैकड़ों स्वयंसेवक प्रशिक्षण लेंगे।

इस मौके पर मुख्य संगठक डॉक्टर संजय ने कहा कि प्रदेश भर एक एक ब्लॉक और पंचायत तक कांग्रेस सेवा दल की इकाई बनाई जाएगी। जो की पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस सेवा दल के सभी स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्वयंसेवक प्रशिक्षण लें और कांग्रेस के हाथों को मजबूत करें।

इधर, उन्होंने राहुल गांधी जी के समर्थन में दिनांक 3 अप्रैल को सेवा दल के सभी स्वयं सेवकों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सभी लोग अपने अपने जिले के डाकघर से एक एक पोस्टकार्ड खरीदें और उसे अपने नेता के समर्थन में महामहिम राष्ट्रपति को चिट्ठी लिखकर भेज दें। ताकि केंद्र की फासीवादी सरकार को यह एहसास हो सके कि उसके कृत्यों के खिलाफ पूरा देश एकजुटता के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की वर्तमान भाजपा सरकार की तानाशाही रवैये का कांग्रेस पार्टी मुंह तोड़ जवाब देने को तैयार है। कांग्रेस जब अंग्रेजों को मार भगाने से बाज नहीं आई तो फिर ऐसे तानाशाह को भी सत्ता से उखाड़ फेंकने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

# भाजपा को राहुल गांधी जी से इतना खौफ सब भारत जोड़ो पदयात्रा का असर है





इंजीनियर मोहिउद्दीन खान

**पटना।कांग्रेस दर्पण**

अभी तो एक बार के 'भारत जोड़ो पदयात्रा' का असर है जिससे सत्तारूढ़ दल डरकर राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कराकर लोकसभा से बाहर कर दिया, वहीं दूसरी 'भारत जोड़ो पदयात्रा' राहुल गांधी द्वारा यदि शुरू कर दी जाती है, तो फिर सत्तारूढ़ भाजपा? वैसे, राहुल गांधी ने किसी भी तरह से माफी मांगने से इनकार कर दिया है और कहा है कि सरकार उन्हें जितना चाहे प्रताड़ित कर ले, लेकिन वह झुकेंगे नहीं और यह सवाल बार-बार उठाते रहेंगे कि आखिर सरकार से उद्योगपति अदाणी के क्या संबंध हैं।अब पूरी सच्चाई तो तभी सबके सामने आएगी, जब उच्च अथवा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पूरे विवाद को दूध-का-दूध और पानी-का-पानी की तरह साफ कर दिया जाएगा; क्योंकि कोई भी समीक्षक मात्र एकपक्षीय बातों को सुनकर अपनी भावना व्यक्त कर सकता है, इसलिए जब अदालत का फैसला आता है तभी स्थिति साफ हो पाती है। फिलहाल स्थिति तो 1977 के बेलछी प्रकरण केबाद इंदिरा गांधी के प्रति पैदा हुई सहानुभूति लहर और उसके बाद केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने जैसी बन गई है। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' और अब संसद से उनका निष्कासन देश में उसी काल की सहानुभूति लहर के लौटने की याद दिला रहा है। इसलिए हमें न्यायपालिका के अगले आदेश की प्रतीक्षा तो करनी चाहिए।

भाजपा के सारे कुतर्कों को राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की लगभग चार हजार किलोमीटर की 'भारत जोड़ो पदयात्रा' ने उनके मंसूबों को ध्वस्त कर दिया। देश ही नहीं, विश्व ने देखा कि जिसे अपमानित करने के लिए सत्तारूढ़ दल ने अपने सारे घोड़े खोल दिए थे, वे सारे के सारे बेनकाब हो गए। राहुल गांधी एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में देश के सामने आए देशभर में जगह-जगह राहुल गांधी का भव्य स्वागत हुआ; लोगों ने महसूस किया कि जिस प्रकार उनकी छवि बिगाड़ी गई थी, वह गलत था।राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने को लेकर सभी विपक्षी दल एकजुट होकर भाजपा पर आक्रामक है। यहां तक कि धरना-प्रदर्शन के साथ-साथ कांग्रेस ने महात्मा गांधी का अनुसरण करते हुए सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया।राहुल गांधी जी द्वारा अदाणी-प्रधानमंत्री के संबंधों को संसद और संसद में उसे पुष्ट करते हुए तथा विभिन्न विपक्षी दलों की एकता को मजबूती देते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में प्रधानमंत्री पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अदाणी तो मात्र फ्रंट पर है, उनके पीछे तो प्रधानमंत्री स्वयं खड़े हैं। अदाणी तो केवल धन का प्रबंध करते हैं, अगर

जेपीसी की जांच हो गई तो पूरा सच सामने आ जाएगा। प्रधानमंत्री हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद भी अदाणी को बचाने में लगे हैं। वर्ष 2014 में अदाणी की संपत्ति 50 हजार करोड़ थी, जो सात वर्ष में बढ़कर 11.50 लाख करोड़ रुपये हो गई।दूसरी तरफ प्रधानमंत्री कहते हैं कि देश देख रहा है, भ्रष्टाचार में लिप्त सारे चेहरे एक मंच पर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नौ वर्ष में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जो अभियान चलाया है, उसने भ्रष्टाचारियों की जड़ें हिला दी हैं। कौन सचऔर कौन झूठ बोल रहा है, इसका पता तो किसी निष्पक्ष जांच एजेंसियों द्वारा जांच करने के बाद ही सामने आएगा, पर यदि जेपीसी द्वारा जांच नहीं कराने के लिए सरकार को आसमान सिर पर उठाने की क्या आवश्यकता है?

जब इंदिरा गांधी की भीषण बारिश में बेलछी गांव की यात्रा ने लोगों का दिल जीत लिया था

इंदिरा गांधी ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए बेलछी जाने का कार्यक्रम बनाया।पटना तक हवाई जहाज, फिर मूसलधार बारिश में कार में कुछ ही दूर चली थीं कि कार कीचड़ में फस गई। उसके बाद ट्रैक्टर का सहारा लिया गया। उसके आगे नदी को पार करने के लिए बिना हौदे की हाथी पर सवार होकर उनका काफिला बेलछीबेलछी गांव पहुंचा। वहां पीड़ित परिवार को लगा, जैसे कोई देवदूत उनके दुख को बांटने आ गया हो। महिलाएं उनके गले लगकर फफक-फफक कर रोईं और कहा कि हमलोगों से बड़ी भूल हो गई कि हमने चुनाव में आपको वोट नहीं दिया। फिर सच में इंदिरा गांधी की यह यात्रा देश के लोगों का दिल जीत लिया और परिणामस्वरूप वर्ष 1980 में कांग्रेस भारी बहुमत से सत्ता में वापस लौटी।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री व स्वतंत्रता सेनानी मा. रामलखन सिंह यादव की जयंति को सरकार द्वारा राजकीय समारोह के रूप मनाने की घोषणा स्वागत योग्य : डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव



**डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव**
प्रसिद्ध शिक्षाविद सह सदस्य
पॉलिटिकल अफेयर कमिटी
कांग्रेस पार्टी,बिहार प्रदेश।

पटना।कांग्रेस दर्पण

बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री व बिहार के कद्दावर कांग्रेस नेता और स्वतंत्रता सेनानी माननीय रामलखन सिंह यादव की जयंति को राजकीय समारोह के रूप में मनाए जाने की घोषणा को जाने माने शिक्षाविद् एवं जहानाबाद जिले में रामलखन सिंह यादव कॉलेज के संस्थापक सचिव व बिहार प्रदेश कांग्रेस पार्टी के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने अत्यंत ही सराहनीय और स्वागत योग्य कदम बताया।

गौरतलब है कि 9 मार्च को रामलखन बाबू की जयन्ति पूरे प्रदेश में मनाई जाती है। ऐसे में वर्तमान सरकार द्वारा उस समारोह को राजकीय समारोह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस घोषणा के तुरंत बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए डॉक्टर यादव ने कहा कि रामलखन बाबू केवल जाति के नहीं अपितु पूरे जमात के लीडर थे। उन्होंने पूरे सूबे में शिक्षा का अलख जगाया। जगह जगह स्कूल और कॉलेज की स्थापना कर दबे कुचले और असहाय लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया और उन्हें पढ़ाई लिखाई करने हेतु प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि हर साल हमलोग उनकी जयन्ति पर उन्हें महाविद्यालय परिवार की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते रहे हैं। लेकिन आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है, जब ऐसे महामानव की जयन्ति को बिहार सरकार ने राजकीय समारोह के रूप में मनाने की घोषणा की। इसके लिए डॉक्टर यादव ने बिहार सरकार और उसके मुखिया श्री नीतीश कुमार जी का आभार भी व्यक्त किया।

बिहार सरकार द्वारा की गई इस घोषणा का स्वागत करने वालों में रामलखन सिंह यादव कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय यादव, जहानाबाद जिला परिषद की पूर्व



अध्यक्ष श्री मति कमला देवी, कांग्रेस दर्पण के कार्यकारी संपादक शिशिर कौण्डिल्य, प्रो. रंजन यादव, प्रो. मंजरेटर सिंह, प्रो.विनय शंकर पाठक, प्रो. दिनेश भदानी, प्रो. सैयद इमाम, पूर्व प्राचार्य डॉ रामनंदन प्रसाद, डॉ गिरिजा प्रसाद चंद्रवंशी , प्रो. चंद्रप्रकाश, डॉ अजय कुमार, बबलू शर्मा, योगेंद्र यादव आदि प्रमुख हैं।

# शंभूगंज प्रखंड काँग्रेस कार्यालय से आक्रोश मार्च निकाला गया

पटना।कांग्रेस दर्पण

दिनांक 02-04-23 को अखिल भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार जय भारत सत्याग्रह के तहत शंभूगंज प्रखंड काँग्रेस कमिटी ने केन्द्र सरकार द्वारा लोकतंत्र की हत्या तथा काँग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी को साजिश के तहत सदस्यता रद्द करने के बिरोध में शंभूगंज प्रखंड काँग्रेस कार्यालय से आक्रोश मार्च निकाला गया। जो शंभूगंज बाजार से शंभूगंज हॉट से होते पुनः प्रखंड काँग्रेस कार्यालय शंभूगंज में समापन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला से आए प्रखंड प्रभारी डॉ मनसूर अहमद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गौतम अदाणी के रिश्ते को लेकर उंगली उठाने के आरोप में श्री राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द की गई है। मोदी सरकार संवैधानिक व्यवस्था को तहस-नहस कर देने पर आमादा है। मौके पर शंभूगंज प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह द्वारा सभा की अध्यक्षता की गई प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि




शेल कंपनियों द्वारा अडानी ग्रुप में लगाया गया ₹20,000 हजार करोड़ रुपया आखिर किसका है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी से रिश्ता क्या है,

यह सवाल जब संसद भवन में श्री राहुल गांधी जी के द्वारा गहन अध्ययन कर उठाया गया तो प्रधानमंत्री व भाजपा के तमाम नेता बिलबिलाते हुए नजर आए। राहुल गांधी जी कन्याकुमारी से कश्मीर तक करीब 4 हजार किलोमीटर पैदल चलकर देश में एकता अखंडता संप्रभुता प्रेम स्नेह एवं भाई चारे का संदेश दिए ताकी देश में नफरत का बीज कोई बो ना सकें और देश की लोकतंत्र प्रजातंत्र संविधान मजबूत हो सकें। किंतु आज का जो परिस्थिति आप देख और समझ रहें है वह संविधान के विपरीत है,केंद्र की मोदी सरकार असल मुद्दों से भटका कर देश की जनता को गुमराह कर रही है,साथ ही देश की शासकीय संस्थानों का दुरूपयोग कर विपक्षी दलों को डराने का विफल प्रयास कर रहीं है।

मैं पूरे देश वासियों को आगाह करना चाहता हूं। अपने देश के खातिर एकजुट रहिए ताकी संविधान लोकतंत्र प्रजातंत्र जिंदा रह सकें अन्यथा केंद्र की मोदी अडानी सरकार देश को बेच खाएंगे। मौके पर मौजूद प्रखंड महासचिव-सूरज कुमार साह उर्फ पप्पू, सुदर्शन कुमार शर्मा, सनी कुमार, किशोर कुमार भारद्वाज, कृष्णकांत ठाकुर, मोहम्मद गालिब रजा, मोहम्मद हाफिज, गौतम सिंह, घनश्याम सिंह, रणवीर यादव, मोहम्मद नसीम, ताज आलम सहित दर्जनों काँग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रामानुज कुमार जी के अध्यक्षता में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

मटिहानी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामानुज कुमार जी के अध्यक्षता में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन  दिनांक 02/04/ 2023 को मटिहानी पंचायत-01 के चाक पुनर्वास एवम खरीदी, मेथो चौक पर किया गया। करीबन 03-04 किलोमीटर पैदल यात्रा की गई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य, पूर्व जिला अध्यक्ष, अभय कुमार सिंह सारजन, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य केडी हिमांशु, राजेन्द्र चौधरी राजेश, मटिहानी विधानसभा हाथ से हाथ जोड़ के प्रभारी सुबोध कुमार, मटिहानी कांग्रेस कमेटी के नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेश  कुमार प्रिंस, डंडारी प्रखंड अध्यख नीतीश कुमार, पूर्व जिला सचिव रणजीत कुमार मुखिया जी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, अल्पसंख्यक नेता मोहम्मद मतीन, कांग्रेस नेता मुरलीधर मुरारी जी, राजदेव सिंह, राजनीति सिंह, राम सोगारथ साह (पिछड़ा सेल जिलाध्यक्ष), गणेश कुमार ढोको, मोहित कुमार, कुशमेश कुमार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल कुमार, उपाध्यक्ष विक्रम कुमार, मंडल अध्यक्ष अनिल राय, शाखा अध्यक्ष रिशु कुमार, कांग्रेस के प्रबुद्ध जनों राम सकल राय, शंभू राय, शिवकुमार संजय चौधरी, मिलन राय, जय प्रकाश साह, नरेश मल्लिक, पैक्स अध्यक्ष राहुल कुमार, युवा नेता गोपाल कुमार, पंकज कुमार, रिमझिम कुमार, घर-घर जाकर वर्तमान केंद्र सरकार की नाकामी, राहुल गाँधी



के ऊपर ज्यादती के बहाने लोकतंत्र की हत्या, देश में नफरत का माहौल, जो व्यक्ति या संस्था केंद्र सरकार की अन्याय पूर्ण नीतियों के खिलाफ आवाज उठाता है, उसे सरकारी एजेंसियों की प्रताड़ना का शिकार बनाया जा रहा है। उपरोक्त बातों को बताया गया।

महंगाई, बेरोजगारी, धर्म बाद, जातिवाद से त्राहिमाम जनता काँग्रेस अच्छी थी ऐसा बोल रही थी।

कार्यक्रम के अंत में एक सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य अभय कुमार सिंह सारजन ने कहा भारत जोड़ो यात्रा के तहत राहुल गांधी-खरगे साहब का संदेश घर-घर पहुंचाना हमारा परम कर्तव्य है। न्यायालय एवं जनता मालिक पर पूरा भरोसा है। प्रखंड अध्यक्ष रामानुज कुँवर ने कहा पूरे प्रखंड में घर-घर जाके जय सत्याग्रह, हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम हम सुचारू रूप से चलाते रहेंगे। रणजीत कुमार मुखिया जी ने भोली भाली जनता से अपील करते हुए कहा आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ता में काँग्रेस को बिठायें गैस सिलेंडर 500 रुपया में पाएं।

हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में लोगों का उत्साह देखते बना। लोगों ने भरपूर सहयोग किया।

## जय भारत सत्याग्रह के सफलता के लिए कांग्रेस के ज़िलाध्यक्षों और प्रभारियों की 4 अप्रैल को पटना में होगी बैठक

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने 'जय भारत सत्याग्रह' को लेकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाक़त आश्रम में चार अप्रैल को ज़िला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों और ज़िला प्रभारियों की अहम बैठक का आयोजन किया है।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी भक्तचरण दास व अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में ''जय भारत सत्याग्रह'' की सफलता एवम् ज़िलों में इसके सुचारू क्रियान्वयन को लेकर अहम बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में सभी ज़िलाध्यक्षों और ज़िला प्रभारियों को पटना बुलाया गया है जिनके साथ प्रदेश प्रभारी भक्तचरण दास प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह व सचिव प्रभारी अजय कपूर अहम बैठक लेंगे।

राजेश राठौड
चेयरमैन, मीडिया विभाग
बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी

## लोकतंत्र के माइक को बंद कर लोकतंत्र की गला घोटा जा रहा है




**पटना । कांग्रेस दर्पण**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे देश में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत मोदनगंज प्रखंड में अंबिका यादव की अध्यक्षता में कन्हैया जी प्रदेश प्रतिनिधि प्रभारी मोदनगंज प्रखंड प्रेस वार्ता के माध्यम से अजंता एवं सामाजिक संगठन से आग्रह कर केंद्र के भाजपा के सरकार द्वारा जनविरोधी नीति एवं लोकतंत्र के बारे में विस्तार से चर्चा की साथ ही महंगाई बेरोजगारी के बारे में बात को रखें हम सबों के नेता लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता आदरणीय राहुल गांधी जी के द्वारा सांसद में आवाज उठाने पर प्रधानमंत्री जी से प्रश्न पूछने पर अदानी अंबानी के साथ आपका रिश्ता क्या है अडानी के फर्जी फर्म में 20000 करोड़ 83 दिन का लगा हुआ है तू लोकसभा में माइक को बंद कर दिया जाता है लोकतंत्र के माइक को बंद कर लोकतंत्र की गला घोटा जा रहा है इस विषम परिस्थिति में कांग्रेस पार्टी ने लिया है केंद्र सरकार संसद में विपक्ष की आवाज को दबा सकते हैं लेकिन जनता की अदालत में जाकर जनता के बीच में आप प्रेस के माध्यम से नुक्कड़ सभा के माध्यम से प्रदर्शन के तहत अपनी बात को रखेंगे 5 अप्रैल 10 अप्रैल के बीच में प्रत्येक प्रखंड में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा 15 से 15 अप्रैल से 20 अप्रैल के बीच में जिला में प्रश्न किया जाएगा । प्रेस वार्ता में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा मोदी का प्रखंड के पूर्व प्रमुख गौतम जी उपस्थित थे।

## राजस्थान की जनता को समर्पित 'गहलोत सरकार'

कांग्रेस सरकार की जनहितैषी नीतियों के दम पर राजस्थान हर दिन कल्याणकारी राज्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गहलोत सरकार के लिए जनता की सेवा ही कर्म और धर्म है। लोगों को सुखी और प्रदेश को खुशहाल बनाने की प्रतिबद्धता के क्रम में आज से कई और राहत योजनाओं की शुरूआत हो रही है।

आज से 76 लाख परिवारों को गैस सिलेंडर के लिए केवल 500 रुपए देने होंगे, बाकी पैसा राज्य सरकार भरेगी। मुख्यमंत्री गहलोत ने राहुल गांधी की यात्रा के दौरान मालाखेड़ा में इसकी घोषणा की थी।

प्रदेश के किसानों को 2000 यूनिट महीने तक फ्री बिजली मिलनी शुरू हो जाएगी। आम बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट महीने तक फ्री बिजली मिलेगी।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़कर अब कम से कम 1000 रूपये मिलेगी।

सरकारी बसों में महिलाओं का केवल आधा किराया ही लगेगा।

चिरंजीवी योजना के तहत प्रदेश के नागरिक 25 लाख रुपये तक का इलाज फ्री में करा सकेंगे।

इसके अतिरिक्त कई और सहूलियतें जनता को आज से मिलनी शुरू होगी, जिससे केंद्र द्वारा थोपी गई महंगाई का असर प्रदेशवासियों पर कम से कम पड़ेगा। इससे पहले भी गहलोत सरकार ने कई ऐसी और ऐतिहासिक योजनाओं की शुरूआत की है, जो आगामी वर्षों में राजस्थान की दिशा और दशा में क्रांतिकारी स्तर पर बदलाव लाएंगी।

गहलोत सरकार का जनता के प्रति समर्पण को देखकर कहा जा सकता है कि सरकार की नीयत यदि साफ हो तो उसकी नीतियां जनता के लिए कल्याणकारी ही साबित होती हैं।




# क्रांति भूमि से कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प: राकेश राणा



## जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम

नई टिहरी ।कांग्रेस दर्पण

टिहरी गढ़वाल उत्तराखंड के सकलाना क्षेत्र के सत्यो में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सकलाना क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के सह समन्वयक और प्रदेश महामंत्री शान्ति प्रसाद भट्ट और जिलाध्यक्ष राकेश राणा की उपस्थिति में क्रांतिभूमि जहां से टिहरी राजशाही को उखाड़ने की शुरूवात हुई थीं, वही से आज भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प कांग्रेसजनों और जनता ने लिया।

सबसे पहले सामुहिक रुप से क्रांतिभूमि सत्यों में अमर शहीद नागेंद्र दत्त सकलानी जी के शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर सत्त्यों बाजार में ₹जय भारत सत्याग्रह ₹ पद यात्रा कर नुक्कड़ सभा की गई ।

सभा में वक्ताओं ने सकलाना क्षेत्र की तीन प्रमुख समस्याओं का निराकरण न करने पर भाजपा सरकार की कठोर शब्दों में निंदा की गई ।

वृक्षमानव विशेश्वर दत्त सकलानी मोटर मार्ग ₹रायपुर कुमाल्डा कद्दूखाल₹73किलोमीटर जो खस्ताहाल में है, और डबल इंजन की सरकार गहरी नींद में है।

पूर्ववर्ती हरीश रावत की कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार ने सत्यों में महाविद्यालय (डिग्री कॉलेज) की स्वीकृति प्रदान की थी, किंतु भाजपा ने उसे वित्तीय स्वीकृति न देकर ठंडे बस्ते में डालदिया।

सत्यों में अतरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (Aphc) सत्यों का उच्चीकरण भी भाजपा सरकार नही कर पाई।

कार्यक्रम के सह समन्वयक शान्ति प्रसाद भट्ट ने कहा कि पूरे अप्रैल माह में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत देशभर में कांग्रेस विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है, और टिहरी जिले में भी कार्यकर्मों की फेरहिस्त जारी की जा चुकी है, खैटपर्वत पर हम भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सत्याग्रह करने जा रहें है। ₹

जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि₹पार्टी ने दूसरी बार यह प्रभार मुझे सौपा है,जिले में आप सब साथियों के सहयोग से हम राहुल गांधी जी के संदेश को प्रत्येक गांव में पहुंचाएंगे, इस क्रान्ति भूमि से आज जो आपने भाजपा को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है उसे हम सब इक जुटता से पूरा करेगें ₹

सभा का सफल संचालन करते हुऐ पी सी सी डेलीगेट अखिलेश उनियाल ने और *जोत सिंह रावत कहा की यह भुमि क्रांतिकारियों की है, उन्होंने हमे सिखाया की रक्त रंजित मार्ग पर कैसे चला जाता है, वर्तमान में भी वैचारिक रूप से भारत भूमि रक्त रंजित नजर आ रही है, जिसे हम सब मिलकर प्यार से भाई चारे से निर्मल और स्वच्छ कर सकते है।

जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत आज सकलाना में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गम्भीर सिंह नेगी

, पीसीसी डेलिगेट अखिलेश उनियाल, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य, वरिष्ट अधिवक्ता आनंद सिंह बेलवाल,

पीसीसी डेलिगेट जोत सिंह रावत, वरिष्ट नेता इंद्रदेव डोभाल, सुरेंद्र सिंह रावत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष थत्युड, श्रीपाल पवांर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष थौलधार, विजय सिंह गुसाईं,विजेंद्र सिंह, दिनेश कोहली, ताजनारायण उनियाल, हर्षमणि सकलानी,महिपाल पवॉर, पंचम दास, कुंदन सिंह नेगी, भगवान सिंह, केशव रावत, सोबन सिंह मनवाल, मोहन सिंह पवार, बुद्धि लाल प्रधान, हुकम दास पूर्व प्रधान, जयवीर सिंह पवार, बचन दास, अरविंद सिंह बरौली, विजय सिंह नकोटी, सुदीप उनियाल, उमाशंकर, मनोज रावत, वीरेंद्र सिंह कोठारीप्रधान, कुंवर सिंह, जगदीश दास, राजेंद्र मनवाल, सोहन लाल,

# आशा रावत बनीं टिहरी महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष

नई टिहरी ।कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष नीटा डिसूजा महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी श्रीमती परविंदर कौर की संस्तुति पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती ज्योति रौतेला के द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी के साथ टिहरी जनपद के लिए श्रीमती आशा रावत को महिला कांग्रेस का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इसके साथ साथ प्रताप नगर की पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रीमती विजयलक्ष्मी थलवाल,श्रीमती बसंती भारती को प्रदेश उपाध्यक्ष निवर्तमान महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती दर्शनी रावत नई टिहरी नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती सीमा कृषाली

घनसाली से श्रीमती मुन्नी देवी थौलधार से श्रीमती सुमेरी बिष्ट को प्रदेश महामंत्री, श्रीमती सरिता देवी श्रीमती मंजू राणा प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी मिली है।

नवनियुक्त महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती आशा रावत ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीटा डिसूजा प्रदेश प्रभारी श्रीमती परमिंदर कौर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती ज्योति रौतेला प्रदेश अध्यक्ष श्री करण मेहरा जी प्रदेश उपाध्यक्ष माननीय विधायक प्रतापनगर श्री विक्रम सिंह नेगी जी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री राकेश राणा जी के साथ-साथ प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि वो अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएगी और कांग्रेस पार्टी से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने काम करेगी उन्होंने कहा वर्तमान केंद्र की मोदी सरकार महिला विरोधी है महिलाओं के साथ हो रहे लगातार उत्पीड़न घरेलू हिंसा के खिलाफ महिलाएं सड़कों पर आकर आंदोलन करेगी।

महिला कांग्रेस की नई टीम बनने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा प्रताप नगर विधानसभा



के विधायक विक्रम सिंह नेगी विजय गुनसोला नरेंद्र राणा शांति प्रसाद भट्ट सैयद मुशर्रफ अली याकूब सिद्दीकी नरेंद्र चंद रमोला सोबन सिंह नेगी सूरज राणा साहब सिंह सजवान देवेंद्र नौडीयाल कुलदीप सिंह पवार एडवोकेट आनंद सिंह बेलवाल सोहन सिंह रावत जयवीर सिंह रावत गीताराम गैरोला महावीर प्रसाद उनियाल ,ज्योति प्रसाद भट्ट सबबल सिंह राणा मुरारीलाल खंडवाल सुमना रमोला लक्ष्मी रावत ममता उनियाल , अनीता रावत रीता रावत, नीमा नेगी, मीना पुंडीर गीता चौहान गीता सजवान बृहस्पति भट्ट ,संदीप कुमार भरत बुटोला लक्ष्मी प्रसाद जोशी नवीन सेमवाल शक्ति प्रसाद जोशी कपिल जोशी शक्ति प्रसाद जोशी जोत सिंह रावत अखिलेश उनियाल बर्फ चंद रमोला मान सिंह रौतेला दर्शन लाल नौटियाल दीपचंद सजवान, अनीता रावत मीना पुंडीर ,रीता रावत मूर्तजा बेग कुलदीप सिंह बिष्ट मुकेश बिष्ट अटल सिंह जलधारी प्टन गब्बर सिंह नेगी विजयपाल रावत पुरुषोत्तम तलवार रोशन नौटियाल प्रशांत जोशी रामलाल जसवीर नेगी गंभीर सिंह नेगी पूरब सिंह पवार सुरेंद्र सिंह रावत श्रीपाल पवार आनंद ब्याश, निहाल सिंह नेगी आदि ने खुशी व्यक्त की




**प्रखंड कांग्रेस कार्यालय जलालगढ़ में जय भारत सत्याग्रह के तहत प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई और श्री राहुल गांधी जी की सदस्यता साजिश के तहत खत्म करना एवं मोदी सरकार अडानी के रिश्ते के बारे में मीडिया के समक्ष रखा गया जिसमे डॉक्टर मारूफ हुसैन प्रदेश उपाध्यक्ष ,कसबा विधानसभा युवा अध्यक्ष शाहनवाज़ शरीफ उर्फ मार्शल अंसारी प्रखंड अध्यक्ष पूरण दास आदि कांग्रेसी गण शामिल हुए।**

# अजमेर शहर में आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़ का हुआ भव्य स्वागत



**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

अजमेर शहर में आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़ का हुआ भव्य स्वागत। सोशल मीडिया विभाग शहर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर के अध्यक्ष पीयूष सुराणा ने बताया कि जन्मदिन के अवसर पर आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़ का भव्य स्वागत किया गया। 51 किलो की माला पहनाकर केक कटवाकर शुभकामनाएं दी। अजमेर के कांग्रेस कार्यकर्ताओ,पदाधिकारियों ने हर्षोल्लास के साथ राठौड़ का जन्मदिन बनाया।

इस दौरान पूर्व विधायक डॉ श्री गोपाल बाहेती,शिव बंसल,रजनीश वर्मा,नेता प्रतिपक्ष पार्षद द्रोपदी कोली,सेवादल के देहात अध्यक्ष जयशंकर चौधरी,ओबीसी शहर कांग्रेस अध्यक्ष मामराज सेन,नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल,पूर्व शहर सेवा दल अध्यक्ष विजय नागौरा,पार्षद हेमंत जोधा,लक्ष्मी बुंदेल,सुनीता चौहान,ममता चौहान,महेश चौहान,दीपक हासानी,जेपी दादीच,पीयूष सुराणा,महेंद्र कुमार जोशी,जितेंद्र कुमार चौधरी,यूथ अध्यक्ष फरहान खान,हरिप्रसाद जाटव,चंद्रप्रकाश चौरसिया,विवेक कड़वा,गुरप्रीत सिंह,श्रेयांस सुराणा,राजीव सिंह कछावा,पुनीत सांखला,श्रीमती धीरज बुंदेल,लता लाजवंती डाबरा,सरोज गहलोत,पूर्णिमा बुंदेल,भूपेंद्र सिंह चौहान, ने जन्मदिन की बधाई देकर जन्मदिन मनाया। मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर लगाया गया। मेडिकल कॉलेज में 51 किलो की माला से स्वागत किया गया।

जन्मदिन के अवसर पर रिजु झुनझुनवाला के नेतृत्व में जवाहर फाउंडेशन के रजनीश वर्मा,राजेंद्र गोयल,द्रोपदी कोली,महेश चौहान,मामराज सेन,के द्वारा करीब 200 लोगो को स्वाभिमान रसोई में भोजन का पैकेट वितरित किया गया।और मिठाई वितरित कर जन्मदिन मनाया गया।




**राहुल गाधी जी के समर्थन में मसाल रैली में हमारे बेलतरा विधान सभा के सभी साथी यो के साथ**




**रीगा कांग्रेस कमिटी के द्वारा रीगा किसान भवन में आयोजित #DisqualifiedDemocrecy पर प्रेस वार्ता को पूर्व विधायक श्री Amit kumar "Tunna" जी और प्रखंड अध्यक्ष श्री चुन्नू सिंह जी ने प्रेस को संबोधित किया।**



**किराड़ी जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की मीटिंग रखी गई जिसमें उत्तराखंड प्रभारी देवेंद्र यादव जी, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष जयकिशन जी व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भारत सरकार द्वारा की जा रही तानाशाही व राहुल गांधी जी के खिलाफ हो रही साजिशों के विरोध में सभी को संबोधित किया व आगे की रणनीति साझा की ।।**

**सुरेंद्र कुमार**

**पूर्व विधायक बवाना**



**समस्तीपुर नगर कांग्रेस कमिटी, ताजपुर प्रखंड कांग्रेस, वारिसनगर,मोरवा,दलसिंहसराय,विधापतिनगरऔर रोसड़ा प्रखंड कांग्रेस के द्वारा #DisqualifiedDemocrecy पर प्रेस वार्ता आयोजित हुई।**

# कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री से नवादा के लिए वर्षो से लंबित योजनाओं, घोषणाओं पर सवाल उठाते हुए जवाब मांगा



पटना ।कांग्रेस दर्पण

आधुनिक बिहार के निर्माता डा श्रीकृष्ण सिंह जी की जन्मस्थली नवादा की राजनीतिक उर्वरा भूमि पर आए देश के गृहमंत्री अमित शाह जी को वर्षो से नवादा के रजौली प्रस्तावित परमाणु बिजली उत्पादन केंद्र की स्थापना ठंडे बस्ते में क्यों डाल दिया गया है, जबकि इसकी स्थापना की मांग करने वाले नवादा के लोकप्रिय सांसद रहे स्व भोला सिंह जी के ड्रीम प्रोजेक्ट की कल्पना केवल जुमला बन कर रह गया।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मन टन सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री जी दूसरा सबसे अहम सवाल पूछा है की आखिर बिहार सरकार के प्रस्ताव के बाद भी बिहार केशरी, बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डा श्रीकृष्ण सिंह जी को भारतरत्न अभी तक क्यों नहीं दिया गया। वारसलीगंज चीनी मिल अभी तक क्यों नही चालू हुआ, ककोलत ठंडे जल प्रपात का सौदार्जीकरण का काम अभी तक नही हुआ।

नेताओ ने कहा की केंद्रीय गृह मंत्री महोदय वर्षो पूर्व प्रस्तावित न्यूकिलियर पावर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रस्तावित प्रमाण्णु बिजली घर जिसमे करीब 70 हजार करोड़ रुपया निवेश होने का प्रस्ताव था, उसके बारे में नवादा की जनता जवाब चाहती है।



**वैशाली जिला के भगवानपुर प्रखंड मे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और प्रखंड प्रभारी श्री मनोज शुक्ला जी ने प्रेस वार्ता की। मोदी सरकार की अलोकतांत्रिक और दमनकारी नीति, बेरोजगारी, अडाणी प्रेम आदि पर प्रकाश डाला।**

**साथ मे जिला परिषद सदस्य विनोद राय, राणा सुरेश सिंह, अमरेश कुमार, कृष्णा कन्हाई सिंह जिलाध्यक्ष सोसल मिडिया विभाग और अन्य कांग्रेसी उपस्थित हुए**




# यंग इंडिया के बोल सीजन -3 के बिहार के जोनल प्रभारी बने कमालुद्दीन रजा

पटना ।कांग्रेस दर्पण

बिहार युवा कांग्रेस के जिला महासचिव पूर्व बाजपट्टी विधानसभा अध्यक्ष सह लगातार दो बार बिहार यंग इंडिया बोल के टॉपर श्री कमालुद्दीन रजा को भारतीय युवा कांग्रेस के फ्लैगशिप कार्यक्रम यंग इंडिया के बोल सीजन 3 के लिए जोनल प्रभारी नियुक्त किया गया है ।नियुक्ति पत्र जारी होने पर नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कमालुद्दीन रजा ने कहा के यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम के जरिया होनहार युवाओं को देश के हर कोने कोने से एक ऐसा मंच देना है,जिससे जनहित के मुद्दों पर ,बेरोजगारी ,महंगाई महिला सुरक्षा, आदि पर देश के नौजवान बेबाकी और निर्भीक होकर अपनी बात रख सकें ।इस कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवाओं को पार्टी प्रवक्ता बनने का अवसर मिलता है। श्री कमालुद्दीन रजा ने युवा कांग्रेस के प्रभारी कृष्ण अल्लवारू ,राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, राष्ट्रीय सचिव राजेश कुमार सन्नी , क्ब्ड्ढ सीजन 3 के बिहार प्रभारी जावेद खान , प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास का धन्यवाद किया । साथ ही श्री कमालुद्दीन रजा ने मिली जिम्मेदारी को बेहतर तरीके से पूरा करने का की बात कही। प्रभारी नियुक्त होने पर , राष्ट्रीय सचिव राजेश कुमार सन्नी, प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास, पूर्व सीतामढ़ी जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शामश शाहनवाज , समन्वय समिति सदस्य अंजरूल हक तौहीद , मुन्ना मुख्तार , जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष सीतामढ़ी रोहन गुप्ता , राजीव सिंह , राशिद प्रदेशी , सुरसंड विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल मन्नान , नूर आलम , अजहर , अमित कुमार,दिलकश खान , राहुल कुमार, अफजल राणा समेत बड़ी संखिया में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए कहा निसंदेह कमालुद्दीन रजा के नेतृत्व में कार्यक्रम सफल होगा।



# भारत की सरकार तानाशाह, होगा जनता पार्टी वाला हस्र : डॉ धनंजय शर्मा

पटना।कांग्रेस दर्पण

राहुल गांधी जी को गलत सजा देने एंव उनकी संसद की सदस्यता रद्द किए जाने पर अरवल जिले के अरवल सदर प्रखंड में आयोजित प्रेसवार्ता को प्रखंड अध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी और प्रभारी श्रीमती लालमणी भारती ने संबोधित किया.

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ धनंजय शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी से इतना डर गई है उन्हें गलत ढंग से न्यायालय का बहाना लेकर लोकसभा की सदस्यता समाप्त कर दिया. भारत के इतिहास में आज तक मानहानि के मुकदमे में किसी भी नागरिक को किसी सांसद बिधायक को तो छोड़ ही दीजिए किसी भी आम नागरिक को भी 2 साल का जो अधिकतम सजा है मानहानि के मामले में किसी को नहीं मिला है लेकिन मोदी सरकार ने विपक्ष की आवाज को कुचलने के लिए, दबाने के लिए अपने मित्र गौतम अडानी को बचाने के लिए राहुल गांधी जी का लोकसभा की सदस्यता को समाप्त कराने के लिए, इस डर से कि मोदीजी और गौतम अडानी की मिलीभगत का भंडाफोड़ होने के डर से पूर्व नियोजित पूर्व प्लानिंग के तहत श्री राहुल गांधी की संसद सदस्यता को समाप्त कराने के लिए ही 2 साल की सजा का ऐलान करवाया ताकि राहुल गांधी की सांसदी समाप्त किया जा सके सदर प्रखंड अध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी ने कहा कि आज मोदी सरकार तानाशाह हो गई है राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में उमड़े जनसैलाब और मिले जनसमर्थन से इस कदर डर गई है कि राहुल गांधी को बदनाम करने के लिए इनके ऊपर पुराने बंद हो चुके मानहानि केस का आरोप लगाकर के उनकी लोकसभा के सदस्यता समाप्त करवाया गया है, राहुल गांधी जो लोकसभा के अंदर गौतम अडानी और प्रधानमंत्री मोदी जी के बीच के रिश्ते को खुलासा कर रहे थे कहां और कैसे उन्होंने घोटाला किया इस बातों को विस्तार से बताने का सबूत के साथ काम कर रहे थे, वे पुछ रहे थे कि 20000 करोड़ रुपये अडानी की शेल कम्पनियों में कहां से आए? किसके पैसे है ? अडानी समूह की कंपनियों पर आरोप लगने से तिलमिलाकर के अपने भेद खुलते देख कर के, चोरी पकड़े जाने के भय से, प्लानिंग करके राहुल गांधी की सदस्यता को समाप्त कराने का काम मोदी जी ने किया है प्रखंड प्रभारी श्रीमती लालमणी भारती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के दो दो सांसदों को कड़ी सजा हत्या जैसे अपराध मे कोर्ट ने दो साल से ज्यादा का सजा दिया है फिर भी आज तक भाजपाई सांसदो की सदस्यता नहीं गई है, क्योंकि उनके बदौलत उनकी सरकार चल रही है. परंतु वैसे सांसदों की सदस्यता नहीं गई है.




कांग्रेस पार्टी इसे मुद्दा बनाते हुए भारत जन सत्याग्रह का एक महिने का आंदोलन चलेगी जिसमें पूरे देश में तानाशाही के खिलाफ जन भारत सत्याग्रह चलाया जा रहा है, इसी सत्याग्रह के तहत कल अरवल जिले के चार प्रखंड मुख्यालयों में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, और आज अरवल सदर प्रखंड में प्रेसवार्ता किया गया

जिला कोषाध्यक्ष निसार अख्तर अंसारी ने कहा कि 15 से 20 अप्रैल के बीच सत्याग्रह किया जाएगा कांग्रेस पार्टी के ही गांधी जी ने देश को आजाद कराया इसी सत्याग्रह से. और अब कांग्रेस पार्टी इस आजादी को बचाने के लिए अंग्रेज़ो के माफिबिरो से आजादी को समाप्त करने के प्रयास के लिए खिलाफ कांग्रेस पार्टी देशभर में सत्याग्रह चला रही है

अरवल सदर प्रखंड में जिलाध्यक्ष डॉ धनंजय शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी, पुर्व प्रखंड अध्यक्षगण जावेद अख्तर, भोलानाथ गोस्वामी, सेजाम खान के साथ एडवोकेट निसार अख्तर अंसारी, कामेश्वर शर्मा, मौजूद थे.

# जय भारत सत्याग्रह एवं हाथ से हाथ जोड़ो का शुभारंभ

पटना।कांग्रेस दर्पण

जय भारत सत्याग्रह एवं हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अमरपुर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में।-आज दिनांक02अप्रैल2023रोज रविवार को को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देश पर जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा निर्धारित अमरपुर प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में अमरपुर में जय भारत सत्याग्रह एवं हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा प्रतिनियुक्त प्रभारी श्री सुरेश प्रसाद यादव जिला कांग्रेस कमिटी पिछड़ा वर्ग एवं सोशल मीडिया प्रभारी साथ मे सह प्रभारी सच्चिदानंद साह विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम भारत में जो लोकतंत्र की हत्या हो रही है, सांसदों ,विधायकों, विपक्षी नेताओं की बोलने की आज़ादी छीनी छीनी जा रही है।

राहुल गांधी जैसे बड़े नेता की संसद से सदस्यता खत्म की जा रही है,पिछड़ी जाति का मुद्दा बनाकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है।जबकि जिन लोगों का नाम लिया गया वे लोग पिछड़ी जाति में आते ही नहीं है।खुद पिछडो की हकमारी भाजपा सरकार कर रही है और पिछड़ों के अपमान की बात कर रहे हैं।इस अवसर पर बोलते



हुए प्रभारी बिहार प्रदेश इंडियन कांग्रेस ब्रिगेड के अध्यक्ष श्री सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि देश मे लोकतंत्र को बचाने के लिए हम कांग्रेसजनों एवं देश की जनता को आगे आना होगा।

देश का पैसा लूट कर भागने वालों को सरकार संरक्षण दे रही है।और जो नेता लोकतंत्र और भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने के लिए जाना जाता है उसकी सदस्यता खत्म कर दिया जाता है।

विपक्षी नेताओं को एक एक कर जेल में डाला जा रहा है, इससे परिलक्षित होता है कि देश अघोषित आपातकाल लागू कर दिया गया है।जहाँ मीडिया, संबैधानिक संस्था, चुनाव आयोग पर सब पर दवाव बनाकर सरकार के पक्ष में सभी फैसले कराये जा रहे हैं।एक ओर आपसी भाई चारा एवं सौहार्द को खत्म करने की कोशिश की जा रही है दूसरी तरफ हमारे नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कर कश्मीर से कन्याकुमारी तक सभी जाति, धर्म, सम्प्रदाय को एक सूत्र में पिरोने किया है।

भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद हमारे नेता की लोकप्रियता में चार चांद लगा था।और इस सफलता एवं लोकप्रियता के बाद हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम प्रगति पर था।इससे घबड़ा कर राहुल गांधी जी पर कार्यवाही की गई।जो न8निंदनीय है।बाँका जिले का कार्यकर्ता देश में लोकतंत्र की बहाली के लिए अंतिम सांस तक लड़ेगी।इस अवसर पर कांग्रेस के बरिष्ठ नेता सचिदानंद साह एवं प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने भी अपने विचार रखे।कार्यक्रम में लोगों के बीच अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रकाशित पर्चा को घर घर पहुचाने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश प्रसाद यादव, सच्चिदानंद साह, प्रदीप कुमार चतुर्वेदी, सोनू झा, सिंटू दास, उमाकांत दास, मंगल सिंह, मुनेश्वर दास, सुभाष यादव, संजीव कुमार यादव, सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# यंग इंडिया के बोल के बांका जिला के प्रभारी बने मनीष चौबे

पटना । कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता मनीष चौबे को भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा यंग इंडिया के बोल सीजन 3 के लिए बांका जिला के प्रभारी नियुक्त किया है मनीष चौबे ने बताया कि यंग इंडिया के बोल के माध्यम से कांग्रेस पार्टी युवाओं को जिला स्तर से प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी आवाज को बुलंद करने के लिए एक मंच देती है जिसका शुरुआत सबसे पहले जिले से किया जाएगा जिले के बाद प्रदेश में किया जाएगा ।

प्रदेश के बाद राष्ट्रीय स्तर तक किया जाएगा आज देश में जब देश के लोगों का आवाज दबाया जा रहा है तो इस कठिन परिस्थिति में युवा कांग्रेस के द्वारा युवाओं को एक ऐसा मंच दे रहा है की जिसमें युवा निर्भीक होकर निडर होकर अपनी बात को अपनी विचारधारा को जिले स्तर से लेकर देश स्तर तक रख सकते हैं।

साथ ही उन्होंने बांका जिले के युवाओं से अपील करते हुए कहा की आप कांग्रेस पार्टी के द्वारा दिए गए मंच के साथ जुड़े और अधिक से अधिक यंग इंडिया के बोल के कार्यक्रम में भागीदारी ले ! वही बांका जिला युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सोनू कुमार ने बताया की यंग इंडिया के बोल के माध्यम जिले के वक्ताओं को एक सुनहरा मौका है और कांग्रेस पार्टी ही देश के युवाओं के बारे में देश के मजदूरों के बारे में देश की महिलाओं के बारे में सोच सकती है।



इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, ने बधाई देते हुए कहा कि यंग इंडिया बोल के माध्यम से युवाओं में एक नई ऊर्जा प्रदान होगी। साथ ही युवा कांग्रेस,ठरवक के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की।

# जिस तरह राहुल गांधी जी को फंसाया जा रहा है यह पुर्ण रूपेन लोकतंत्र की हत्या है



पटना । कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल महिला अध्यक्षा रूचि सिंह ने पूर्णिया के बनमनखी प्रखंड में पहुँच कर कार्यकर्ता के साथ एक बैठक आयोजित किया और संगठन विस्तार पर चर्चा की इस बैठक में मुख्य रूप से उदय कुमार झा (बाबा) ने कहा कि आज हमारी जरूरत हमारी पार्टी को है जिस तरह से हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी को फंसाया जा रहा है यह पुर्ण रूपेन लोकतंत्र की हत्या है और इस तरह अगर हम सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर सरकार के बिरोध में अपनी आवाज बुलंद नहीं करेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब हम सब पूंजीपतियों का गुलाम हो जायेंगे इस लिए हम सभी को एक जुट होकर लरना होगा इस तानाशाही सरकार के बिरोध में और अपनी ताकत दिखाने का समय है आइये हम सब मिलकर इस निरंकुश, तानाशाही, सरकार को 2024 में उखाड़ फेंकने के लिए और लोकतंत्र बचाने के इस मुहीम में सहभागी बने और दुसरी आजादी की लड़ाई लड़ने में अपनी भूमिका निभाये। जुल्मी जब जब जुल्म करेगा सत्ता के गलियारों से चप्पा चप्पा गुंज उठेगा इन्कलाब के नारों से। जय कांग्रेस जय सेवा दल तय कांग्रेस



**दिनांक 1/4/2023को जहानाबाद जिला कांग्रेस प्रभारी अश्वनी कुमार के नेतृत्व मे बिछुड़े कांग्रेस के लोग और कांग्रेस से जुड़ने की चाहत रखने बाले अतिपिछडे ,दलित, अल्पसंख्यक के लोगो से मुलाकात गोपाल शर्मा पूर्व जिला पार्षद के निवास स्थान पर चर्चा करते उपस्थित हर बर्ग के लोग। संतोष प्रद चर्चा से उपस्थित लोग काफी हर्षित थे उपस्थित लोग ने प्रभारी एव पूर्व जिला पार्षद से इसी तरह का अलग अलग जगहो पर करने का सुझाव दिए। दोनो नेतागण आगे भी बैठकी लगाने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।**



**जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम को लेकर अलौली कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता किया गया इसमें उपस्थित अलौली प्रभारी श्री अरुण बाबू, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्री अजय टाकुर जी विनोद राम जी बर्जनंदन जी सुरेश सदा जी राम प्रकाश जी विजय जी इजराइल जी एवं समस्त कांग्रेस परिवार**

**कुमार सत्य विजय**

**विधान सभा अध्यक्ष अलौली**